हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 8 फरवरी 2025


तापमान
अधिकतम 22.5डिग्री
न्यूनतम 7.4 डिग्री


12 ओएसजीयू में इंटर यूनिवर्सिटी नॉर्थ वेस्ट जोन यूथ फेस्टिवल विरसा आज से





12 स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम स्थापित करने की जरूरत




## खबर संक्षेप

### राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय हिसार में आज

**हिसार।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय 8 फरवरी को हिसार आएंगे। एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने बताया कि राज्यपाल सीआरएसयू में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। राज्यपाल ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित 38वें एआईयू इंटर यूनिवर्सिटी नॉर्थ वेस्ट जॉन यूथ फेस्टिवल कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है, अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं।

### मंत्री रणबीर गंगवा सुनेंगे समस्याएं

**हिसार।** जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा 9 फरवरी को गांव आर्य नगर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। सचिव अरुण कुमार ने बताया कि गांव आर्य नगर में सुबह 11 बजे का रहेगा। मंत्री विभाग से जुड़ी परियोजना से संबंधित एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। दोनों कार्यक्रमों के दौरान जनता से रूबरू होने के अलावा कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा द्वारा जन समस्याएं भी सुनी जाएंगी।

### दिव्यांग केंद्र में मुफ्त नेत्र ऑपरेशन शिविर कल

**हिसार।** रोटरी हिसार द्वारा निःशुल्क शिविर की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए 9 फरवरी को निःशुल्क नेत्र जांच व निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक जरूरतमंद लोगों की आंखों की निशुल्क जांच करेंगे।

## नगर निगम चुनाव: नेताओं में भाजपा की टिकट पाने की लगी होड

# मेयर पद के लिए 35 तो पार्षद के लिए आवेदकों का आंकड़ा 100 के पार

आज दोपहर तक जिला अध्यक्ष के पास आवेदन जमा करवा सकते हैं चुनाव लड़ने वाले इच्छुक, कोर कमेटी नामों का पैनल बनाकर हाईकमान को भेजेगी



हिसार। शक्ति प्रदर्शन कर आवेदन करने पहुंचे डॉ. राजेश धमीजा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम चुनाव के चलते शुक्रवार को भी भाजपा के जिला कार्यालय में अच्छी-खासी चहलपहल रही। भाजपा की टिकट से मेयर व पार्षद का चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं की दिनभर आवेदन करने के लिए लाइन लगी रही। भाजपा से मेयर का चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले आवेदकों की संख्या करीब 35 पर पहुंच चुकी है, जबकि पार्षद पद का चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों का आंकड़ा 100 के पार पहुंच चुका है। भाजपा से मेयर व पार्षद का चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ता शनिवार को दोपहर तक आवेदन जमा करा सकेंगे। उसके बाद आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी और उसके बाद स्क्रूटनी में छांटे गए नाम को भाजपा की जिला कोर कमेटी के बीच रखा जाएगा। वहां से पैनल बनाकर ऊपर भेजा जाएगा। इसके बाद भाजपा प्रदेश नेतृत्व फैसला करेगी कि किसे टिकट देनी है और किसे नहीं। शुक्रवार को मेयर की टिकट के लिए आवेदन करने वालों में आरएसएस से जुड़े डॉ. राजेश धमीजा, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, डॉ. वैभव बिदानी के नाम प्रमुख रूप से शामिल है। उधर, भाजपा के जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि भाजपा से मेयर व पार्षद की टिकट पाने के लिए जिन्होंने भी आवेदन किया, उनकी समीक्षा की जाएगी। किसी का आवेदन रद करना है या नहीं फैसला समीक्षा बैठक के बाद लिया जाएगा।

### आरएसएस से जुड़े डॉ. धमीजा ने किया आवेदन

भाजपा से मेयर पद की टिकट के लिए शुक्रवार को समाजसेवी एवं आरएसएस से जुड़े डॉ. राजेश धमीजा ने पार्टी कार्यालय में शक्ति प्रदर्शन के साथ अपना आवेदन जमा करवाया। मूल रूप से फतेहाबाद जिले में रहने वाले डॉ. धमीजा वर्तमान में हिसार के सेक्टर 9-11 में रहते हैं और उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री लाल कृष्ण आडवानी और मुरली मनोहर जोशी के साथ काम किया है।

### रोम-रोम में भाजपा, मौका मिला तो करूंगा सेवा

भाजपा से मेयर की टिकट के लिए आवेदन करने के बाद डॉ. राजेश धमीजा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा मेरे रोम-रोम और नस-नस में है। मैं बचपन से आरएसएस से जुड़ा हुआ हूं। मैं हिसार की सेवा करने का प्रयास करूंगा। पार्टी मुझ पर विश्वास जताएगी तो मैं तन-मन-धन से काम करूंगा। मुझे टिकट देगी तो मैं भरोसा दिलाता हूं कि हिसार में मेयर सीट भाजपा की होगी।

### स्क्रीनिंग के बाद पैनल तैयार कर भेजेंगे: सैनी

भाजपा के जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि दो दिनों में भाजपा की टिकट से चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं के मेयर पद के लिए 30 से अधिक आवेदन आ चुके है। इसके अलावा पार्षद का चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं का आंकड़ा 100 के पार पहुंच चुका है। लगातार मिल रहे आवेदनों को देखते शनिवार की दोपहर तक आवेदन लिए जा सकेंगे। आवेदन की प्रक्रिया के बाद भाजपा कार्यालय में स्क्रूटनी के लिए बैठक होगी। स्क्रूटनी में नाम छाटे जाएंगे और इनका पैनल बनाकर ऊपर भेजा जाएगा। किसे मेयर और किसे पार्षद का टिकट देना है, उस पर अंतिम फैसला भाजपा प्रदेश नेतृत्व लेगा।

### निकाय चुनाव: 11 से 17 फरवरी तक नामांकन 19 को नाम वापस, ड्यूटी और स्थान निर्धारित

- मेयर पद के लिए डीआरडीए मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यालय में नामांकन

**हिसार।** रिटर्निंग अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद हरबीर सिंह ने बताया कि निकाय चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्ति तय शेड्यूल के मुताबिक नामांकन दाखिल कर सकता है। इसके लिए संबंधित ड्यूटियां लगाने के साथ-साथ आवेदन लेने के स्थान भी निर्धारित कर दिए हैं। डीआरडीए हिसार के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यालय में मेयर पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हिसार प्रथम के कार्यालय में वार्ड नंबर 1 से 5 तक के आवेदन लिए जाएंगे। वहीं, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हिसार द्वितीय के कार्यालय में वार्ड नंबर 6 से 10 तक के आवेदन तथा तहसीलदार कार्यालय हिसार में वार्ड नंबर 11 से 15 तक के आवेदन किए जा सकते हैं। इसी प्रकार नायब तहसीलदार कार्यालय हिसार में वार्ड नंबर 16 से 20 से संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष आवेदन किए जा सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरबीर सिंह ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 18 फरवरी को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में की जाएगी। नामांकन पत्र 19 फरवरी को वापिस लिए जा सकेंगे तथा इसी दिन दोपहर 3 बजे के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित करने उपरांत चुनाव लड़ने वाले व्यक्तियों की सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा तथा जरूरत पड़ने पर शेड्यूल के मुताबिक दोबारा मतदान की तारीख 4 मार्च सुनिश्चित की गई है। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे।

### नशे के चलते एक की मौत

**हिसार।** नशा के चलते मोहल्ला सैनियान में रहने वाले एक युवक की मौत हो गई। मृतक 26 वर्षीय अभिमन्यु के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। शुक्रवार को सुबह टीबी अस्पताल की झाडियों में अभिमन्यु का शव पड़ा मिला था। वह दो बहनों का इकलौता भाई था।

### दाखिला प्रक्रिया पोर्टल का उद्घाटन

**हिसार।** गुजवि के सैंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन (सीडीओई) के अंतर्गत फुल फलेज्ड ऑनलाइन डिग्री/डिप्लोमा प्रोग्राम्स तथा ऑनलाइन डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्सिज में दाखिला प्रक्रिया शुरु हो गई है। इन कोर्सिज में बिना लेट फीस के दाखिले की अंतिम तिथि 28 फरवरी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने ऑनलाइन प्रोग्राम्स की दाखिला प्रक्रिया के पोर्टल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलसचिव डा. विजय कुमार तथा कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर इत्यादि भी उपस्थित रहे।

### ऊंटों से भरा ट्रक पकड़ा, चालक काबू

**हांसी।** गौपुत्र सेना टीम ने पुलिस के सहयोग से गांव ढ़ाणा कलां के नजदीकी में ऊंटों से भरा एक ट्रक पकड़ा है। ट्रक को तिरपाल से ढका हुआ था और उसमें ठूंस ठूंस कर ऊंटों को भरा हुआ था। ऊंटों के मुहं व पैर बांध रखे थे। पुलिस ने ऊंटों से भरा ट्रक कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। ट्रक में 10 ऊंटनी व 2 ऊंट को चारा पानी के लिए महर्षि दयानंद सरस्वती गोशाला डोभी में उतार दिया गया।
नगर निगम की टीम ने 69 बेसहारा पशुओं को पकड़ा
हिसार। नगर निगम की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई राहुल सैनी ने बताया कि टीम के द्वारा शुक्रवार को सेक्टर-15, पटेल नगर और शिव नगर के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने 63 गाय और 6 नंदी को पकड़कर गो-अभ्यारण और नदीशाला में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### चोरी की बाइक के साथ एक काबू

**हांसी।** शहर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान कुलाना निवासी राजेन्द्र के रूप में हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी ने बाइक 26 जनवरी को कासवान मौहल्ला से चुराई थी। आरोपी को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल को कब्जा पुलिस में लिया गया।

### दो दिवसीय महाशिवरात्रि ध्यानोत्सव 22 से

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में दो दिवसीय महाशिवरात्रि ध्यानोत्सव होगा। आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि 22 व 23 फरवरी को आयोजित होने वाले शिविर मेंकाफी संख्या में साधक हिस्सा लेंगे। भगवान शिव की आराधना व विज्ञान भैरव तंत्र की व्याख्या से ध्यान की सरल विधि बताई जाएंगी।

### राजकीय बहुतकनीकी के 32 विद्यार्थियों की प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के 32 विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट में 2.40 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज मिला। इनमें 15 मैकेनिकल, 1 इलेक्ट्रॉनिक्स और 16 इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थी शामिल हैं। सभी छात्र अपने अंतिम सेमेस्टर में हैं। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार और टीपीओ डॉ. मुकेश बंसल ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### सर छोटूराम जयंती पर कार्यक्रम आज

**हिसार।** गुजवि में 8 फरवरी को सर छोटू राम जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। डॉ. ओपी सांगवान ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला होंगे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई करेंगे। शुभारंभ पर हवन यज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा। डबवाली विधायक आदित्य चौटाला व हांसी एसडीएम राजेश खोथ भी शामिल होंगे।

### बीड़ बबरान धाम में श्याम बाबा का संकीर्तन कल

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम में 9 फरवरी को श्याम बाबा का संकीर्तन किया जाएगा। पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि शाम 4 से रात्रि 7 बजे तक चलने वाले इस संकीर्तन में भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। जिसके लिए श्याम बाबा के दरबार को सजाया जाएगा।

### रूहानी मिशन ने हिसार जेल में बांटे कंबल

**हांसी।** संत कृपाल सिंह महाराज के 131वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सावन कृपाल रूहानी मिशन शाखा हांसी द्वारा सेंट्रल जेल हिसार में कंबल बांटे गए। प्रवक्ता ने बताया कि उन्होंने हमेशा इंसानियत मानवता भाईचारा सर्व धर्म सद्भाव विश्व शांति निष्काम सेवा शाकाहारी जीवन की प्रेरणा दी। उन्होंने कई विश्व धर्म सम्मेलन किए व मानव एकता सम्मेलन किया।

## नर नील गाय हत्या की अनुमति देने के फैसले पर पुनर्विचार करे सरकार

- भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने सीएम नायब सैनी को पत्र लिखकर वन्य जीव अधिनियम-1974 को निरस्त करने के फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है। पत्र में कहा है कि प्रदेश सरकार ने वन्य जीव अधिनियम-1974 को निरस्त करके वन्य जीव अधिनियम- 2024 अधिसूचित किया है। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि नए संशोधन के तहत हरियाणा में अब नर नीलगाय को अधिकृत तौर पर मारने की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों को मारने की अनुमति देने वाला फैसला वन्य जीव प्रेमियों, विशेषकर हमारे बिश्नोई समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने फैसला है। बिश्नोई समाज सदैव वन्य जीवों की रक्षा के लिए जाना जाता है और देश के विभिन्न क्षेत्रों में इनको बचाने के अनेक उदाहरण पेश किए हैं। फैसले की चर्चा के बाद उनके पास देश के विभिन्न क्षेत्रों से फोन आ रहे हैं और व्यक्तिगत रूप से मिलने वाले भी इस बारे में कह रहे हैं कि मैं आपको समाज व वन्य जीव रक्षकों भावनाओं से अवगत करवाऊं।

### हरियाणवीं डांस में सलोनी ने मचाई धूम



**हिसार।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पंजाब के खंडूर साहिब तरनतारन कॉलेज में आयोजित कैंप के दौरान हिसार की टीम ने सराहनीय प्रदर्शन किया। कैंप में हुए कार्यक्रमें हरियाणवी डांस में हिसार सलोनी ने अपनी प्रस्तुति से धूम मचा दी। सात दिवसीय शिविर में विभिन्न गतिविधियां हुई। प्रधान कपूर सिंह आर्य ने शुक्रवार को बताया कि शिविर का उद्देश्य पूरे देश में एकता में अनेकता को एक सूत्र में पिरोना था। स्वयंसेवकों ने श्रमदान करके समाज सेवा के प्रति जज्बा पैदा किया और एक दूसरे की मदद का संदेश दिया। अपने अपने राज्य के लोक संस्कृति व नृत्य पर अपनी प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी।

## डीएचवीबीएन ने दिया 13 व 20 फरवरी का समय

# आंदोलन स्थगित, गेट मीटिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



एचपीईए ने अधिकारियों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस वापस लेने, तीनों बिजली निगमों के पुनर्गठन और एचवीपीएन में इंजीनियरों के शीर्ष पदों को भरने की मांग को लेकर हिसार और पंचकूला में काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव रविंद्र घनघस ने कहा कि तीनों निगमों में कोई पुनर्गठन नहीं हुआ है, जबकि कार्यभार कई गुना बढ़ गया है। उपभोक्ताओं की संख्या, ट्रांसमिशन लाइनों का नेटवर्क बढ़ गया है, लेकिन प्रशासन ने कामकाज को सुचारू बनाने के लिए कुछ नहीं किया है। परिस्थितियों में अधिकारी उपभोक्ताओं की संतुष्टि को पूरा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। तीनों निगमों के प्रबंधन को कार्यभार पुनर्गठन के लिए तुरंत काम शुरू करना चाहिए।

पुनीत कुंडू ने बताया कि डीएचबीवीएन ने 20 फरवरी और यूएचबीवीएन ने 13 फरवरी को बैठक का समय दिया और एचवीपीएन द्वारा भी शीघ्र ही बैठक का समय दिए जाने की उम्मीद है। आंदोलन को तत्काल स्थगित कर दिया गया है। उम्मीद है कि उनकी मांगों का सौहार्दपूर्ण ढंग से समाधान होगा।

### बधावड़ में अंबेडकर की प्रतिमा खंडित, दो गिरफ्तार

**हिसार।** गांव बधावड़ में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़े जाने का मामला सामने आया है। इस घटना पर भीम हिसार ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए एसएचओ बरवाला व उच्च अधिकारियों को शिकायत दी। भीम आर्मी नेता संतलाल अंबेडकर ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार दोपहर को उन्हें मोबाइल पर इसकी जानकारी मिली। फोटो व वीडियो में कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल पर आकर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया जाता दिखाई दे रहा है। जिससे उनकी धार्मिक और सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं क्योंकि डॉ. अंबेडकर देश में समानता और संविधान के प्रतीक हैं। भीम आर्मी नेता संतलाल अंबेडकर, अमित जाटव, प्रदीप यादव और जयवीर गोदारा ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गांव के ही युवक सौरभ व अमन को देर शाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### जन समस्याओं को लेकर माकपा का प्रदर्शन

**उकलाना।** माकपा ने तहसील कार्यालय पर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। मियां सिंह बिठमड़ा, राधेश्याम, दयानंद ढुकिया व सरबत सिंह पूनिया ने कहा किसानों की फसल एमएसपी की गारंटी, बिजली का निजीकरण, स्मार्ट मीटर, बिजली बिलों में बढ़ोतरी, कृषि विपणन राष्ट्रीय प्रारूप का हानिकारक मसौदा, लेबर कोड, संविधान पर हमला, नई शिक्षा नीति, एक देश एक चुनाव के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर सुरेश नम्बरदार, ओमप्रकाश कूंडू, धर्मवीर ढुहन, शीशपाल गर्ग, राजबीर पाबड़ा, रामफल सेलवाल, संदीप पाबड़ा, राजेश सेलवाल, अजित सिंह किनाला, प्रभु दयाल फरीदपुर मौजूद रहे।






धरती पर चींटी एक ऐसा जीव है जो अपनी जिंदगी में कभी भी आराम नहीं करती है।



एक मादा मच्छर ही डंक मारती है, नर मच्छर कभी भी नहीं काटता, वह केवल पेड़ पौधों का रस पीता है।

# हिंदी भाषा पसंद है तो इन क्षेत्रों में बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में हिन्दी सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। यह भारत की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है और राज्य भाषा का अधिकार रखती है। संसदीय कार्य से लेकर न्यायिक और सरकारी संस्थानों में इसे ऑफिशियल कम्युनिकेशन की तरह उपयोग किया जाता है। हिंदी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसमें लगभग 425 मिलियन लोग इसे अपनी पहली भाषा के रूप में पहचानते हैं और अतिरिक्त 120 मिलियन लोग हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी के क्षेत्र में कई बेहतरीन करियर ऑप्शन मौजूद हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

## ये करियर ऑप्शन

### राजभाषा ऑफिसर

ये राष्ट्रीयकृत बैंकिंग संस्थानों में राजभाषा ऑफिसर के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। इनकी प्राथमिक भूमिका ग्राहकों की मदद करने के अलावा रोज के कामों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद भी करते हैं।

### जर्नलिज्म

अगर आप ने हिंदी भाषा में जर्नलिज्म का कोर्स किया है तो आप पत्रकारिता के क्षेत्र में एंकर, न्यूज एडिटर, न्यूज राइटर और रिपोर्टर आदि जैसे कई जॉब प्रोफाइल पर रहकर अच्छी सैलरी हासिल कर सकते हैं। यहां पर आपको न्यूजपेपर, रेडियो चैनलों, समाचार चैनलों, पत्रिकाओं और डिजिटल समाचार मीडिया जैसे कई करियर ऑप्शन मिल जाएंगे।

### कंटेंट राइटर/एडिटर

आज के समय में कंटेंट राइटर या एडिटर की जॉब को बेहतर विकल्प माना जाता है। इनका काम ब्लॉग लिखना, मार्केटिंग कॉपी, सोशल मीडिया कॉपी आदि लिखना व उसको एडिट करना होता है। हिंदी या मास कम्युनिकेशन में डिग्री होल्डर्स आसानी से हिंदी कंटेंट राइटर/एडिटर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। कंटेंट राइटर और एडिटर्स पब्लिकेशन हाउस और मीडिया हाउस व एड एजेंसी में काम कर सकते हैं।

## यहां मिलेगा मौका

### ट्रांसलेटर

आज जिस तरह से पूरा विश्व का एकीकरण हो रहा है उसमें हिंदी ट्रांसलेटर के लिए करियर के नए रास्ते खुल गए हैं। इस फील्ड में अब काम की कोई कमी नहीं है। हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर आप घर पर बैठकर भी काम कर सकते हैं। हालांकि एक बेहतरीन ट्रांसलेटर बनने के लिए आपकी हिंदी के साथ दूसरी भाषा पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए। कई बड़ी कंपनियां भी अपने कंटेंट को हिंदी में मुहैया कराने के लिए ट्रांसलेटर को नियुक्त करती हैं।

### इंटरप्रिटेशन

इंटरप्रेटर का काम भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। हालांकि इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर यह काम करते है। एक इंटरप्रेटर उन शब्दों को ट्रांसलेट करता है, जो दूसरा व्यक्ति अलग भाषा में कहता है। आप इंटरप्रेटर के तौर पर राजनयिक मिशनों, संयुक्त राष्ट्र और विदेशी छात्रों के साथ काम कर सकते हैं।

### वॉयस ओवर आर्टिस्ट

एंटरटेनमेंट की दुनिया आज बहुत व्यापक हो गई है। हर माह कई विदेशी फिल्में व कार्टून भारत में लांच हो रही हैं। यदि आप में बोलने का स्किल और अच्छी आवाज है, तो आप वॉयस-ओवर को करियर ऑप्शन के रूप में अपना सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकारों की फिल्मों के अलावा रेडियो स्टेशनों, पॉडकास्ट, विज्ञापनों की डबिंग में काफी डिमांड रहती है।

### हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी स्टेनोग्राफर

हिंदी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की डिमांड कई दशकों से बनी हुई है। खास तौर पर सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली जॉब में। हिंदी टाइपिंग और स्टेनोग्राफर का कोर्स कर आप अच्छी सैलरी के साथ सरकारी जॉब पा सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी आप अच्छी तनख्वाह पर नौकरी पा सकते हैं।

## स्पीच राइटर

अगर आप में लिखने की क्षमता है तो आप स्पीच राइटर बन सकते हैं। स्पीच लोगों को प्रभावित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। सम्मोहक स्पीच लिखने के लिए लैंग्वेज पर कंट्रोल की जरूरत होती है। अगर आपमें ये काबिलियत है तो आप किसी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़कर स्पीच राइटर बन सकते हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र, विज्ञापन एजेंसियों, कॉर्पोरेट में काम भी इनके लिए दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

### नॉवलिस्ट/राइटर/ पोएट

अगर आप को नए तरीके से क्रिएटिव स्टोरी लिखना आता है तो आप हिंदी भाषा में नॉलेज हासिल करने के बाद पोएट/नॉवलिस्ट/राइटर बन सकते हैं। आज के समय में ऑडियोबुक, किंडल सपोर्टिड ई-बुक्स के राइज ने इस फील्ड में लोगों के करियर को एक नया आयाम दिया है।

### हिंदी टीचर

हिंदी टीचर की जॉब सदाबहार ऑप्शन है। टीचर बनना सभी को पसंद होता है। अरग आपकी हिंदी में अच्छी पकड़ है तो आप किसी भी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान में हिंदी टीचर के तौर पर जॉब कर सकते हैं।

### राइटिंग

हिन्दी में अच्छी पकड़ रखने वाले लोगों का फिल्म जगत और टेलीविजन के क्षेत्र में खासी डिमांड होती है। आज के समय में ओटीटी प्लेटफॉर्म के आने से इस क्षेत्र के करियर स्कोप बढ़ गया है। अगर आप हिन्दी में अच्छे हैं तो आप प्रॉडक्शन हाउस, मीडिया हाउस में स्क्रप्टि राइटिंग, डायलॉग्स या लिरिक्स भी लिख सकते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन राइटर बनना चाहते हैं तो आपको बीए हिन्दी करने के बाद स्क्रीन राइटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी ताकि आपके भीतर लेखन की अच्छी समझ विकसित हो सके।

### अध्यापक

हिंदी को पूरा करने के बाद क्लासिक और लोकप्रिय करियर विकल्पों में से एक अध्यापक बनकर आने वाली पीढ़ियों को भाषा का ज्ञान और क्षमता प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ भारत से बाहर के छात्रों को हिंदी सिखाने के अवसर भी हैं।

---

संभावनाओं और परिवर्तनों का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता विकसित करनी होगी

# फ्युचरोलॉजिस्ट बनकर भी कर सकते हैं बढ़िया कमाई, करियर का बेहतरीन विकल्प

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## बदलावों को समझ कर करना होता है विश्लेषण

आज की दुनिया में लगातार तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में इन बदलावों को समझकर विशेषण करने वाले एक पेशेवर व्यक्ति का होना भी बहुत जरूरी है। इस कारण फ्युचरोलॉजिस्ट (भविष्यवक्ता) का महत्व और भी बढ़ गया है। यह पेशा उन व्यक्तियों के लिए करियर का बेहतरीन विकल्प हो सकता है जो न केवल वर्तमान में हो रहे घटनाक्रमों का विश्लेषण करते हैं, बल्कि भविष्य में आने वाली संभावनाओं और परिवर्तनों का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता रखते हैं। फ्युचरोलॉजिस्ट का कार्य सिर्फ भविष्य के रुझानों का अनुमान लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे उन परिवर्तनों के प्रभावों को भी समझते हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों, जैसे कि तकनीक, समाज, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण में आने वाले वर्षों में हो सकते हैं। फ्युचरोलॉजिस्ट भविष्यवाणी करने के लिए विभिन्न उपकरणों, जैसे कि डेटा विश्लेषण, ट्रेंड्स, सामाजिक-आर्थिक अध्ययन, और विज्ञान का इस्तेमाल करते हैं। वे आमतौर पर किसी कंपनी, सरकारी संस्थान, या शोध संस्थान में कार्यरत होते हैं, जहां उनका मुख्य उद्देश्य भविष्य में आने वाले बदलावों का सही अनुमान लगाना और उन परिवर्तनों के लिए रणनीतिक योजनाएँ तैयार करना होता है। यह पेशा उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो न केवल वर्तमान स्थिति को समझने में सक्षम हैं, बल्कि भविष्य में होने वाली घटनाओं और ट्रेंड्स के लिए तैयार रहने की सोच रखते हैं।



## वेतन और आय

भारत में एक फ्रेशर फ्युचरोलॉजिस्ट का वेतन 6,00,000 से 12,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है। अधिक अनुभव वाले पेशेवरों का वेतन 15,00,000 से 30,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में कार्य करने पर वेतन और लाभ और भी अधिक हो सकते हैं।

### रुझान विश्लेषण क्षमता

फ्युचरोलॉजिस्ट को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रुझानों का विश्लेषण करने की क्षमता होनी चाहिए, ताकि वह भविष्य की घटनाओं का सही अनुमान लगा सके।

**रचनात्मक सोच** : फ्युचरोलॉजिस्ट को नए विचारों और संभावनाओं को समझने और उनका विश्लेषण करने के लिए रचनात्मक सोच की आवश्यकता होती है।

**डेटा विश्लेषण कौशल** : आपको भविष्यवाणी के लिए उपलब्ध आंकड़ों का सही तरीके से विश्लेषण करना आना चाहिए। इससे आप भविष्य के विकास को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं।

**संचार कौशल** : आपको अपने विचारों और भविष्यवाणियों को स्पष्ट और प्रभावी रूप से व्यक्त करने की क्षमता होनी चाहिए, ताकि आपके विचार दूसरों को सही दिशा में मार्गदर्शन कर सकें।

## नौकरी के अवसर

### निजी क्षेत्र में करियर

निजी क्षेत्र में भी फ्युचरोलॉजिस्ट के लिए कई रोमांचक और चुनौतीपूर्ण अवसर उपलब्ध हैं। विभिन्न कंपनियां, थिंक टैंक, रिसर्च संस्थान, और रणनीतिक परामर्श कंपनियां भविष्यवाणी और रुझान विश्लेषण के लिए फ्यूटोरोलॉजिस्ट की तलाश करती हैं। इन कंपनियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को भविष्य के रुझानों के अनुसार अनुकूलित करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए फ्युचरोलॉजिस्ट की जरूरत होती है। प्रमुख कंपनियां जैसे डेलॉइट, पिडब्लू सी, के पिएम जी और मककिन्से एंड कंपनी भविष्यवाणी और रणनीतिक परामर्श सेवाएं प्रदान करती हैं। आप इन कंपनियों में भविष्यवाणी और रणनीतिक योजनाओं में मदद कर सकते हैं।

### सरकारी क्षेत्र में करियर

सरकारी संगठनों को भविष्य के विकास, नीति निर्माण और रणनीतिक योजनाओं के लिए मजबूत और सटीक पूर्वानुमान की आवश्यकता होती है, ताकि वे राष्ट्र के सामाजिक और आर्थिक बदलावों के लिए बेहतर तैयारी कर सकें। इसके अलावा, सरकारी परियोजनाओं और योजनाओं के लिए भविष्यवाणी करना और विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों में सुधार लाने के लिए सुझाव देना भी महत्वपूर्ण कार्य है। भारत में कई सरकारी संगठन भी भविष्यवाणी और योजनाओं के क्षेत्र में कार्यरत हैं, जैसे कि भारत सरकार का योजना आयोग, भारत सरकार का विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय और राज्य सरकारों के योजना विभाग। आप इन संस्थाओं में भविष्यवाणी, नीति निर्माण और विकास योजनाओं में योगदान दे सकते हैं।

### करियर काउंसलर से लें सलाह

अपने लिए किसी भी करियर को चुनने से पहले, करियर काउंसलर की सलाह लेना हमेशा फायदेमंद होता है, ताकि आप अपने कौशल और रुचियों के आधार पर सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसके लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

## शिक्षा और प्रशिक्षण

फ्युचरोलॉजिस्ट बनने के लिए कुछ विशेष शैक्षिक और प्रशिक्षण आवश्यकताएं हैं, जो आपको भविष्यवाणी और सामाजिक बदलावों के विश्लेषण में मदद करती हैं। आइए जानते हैं इस क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण के विकल्प।

1. **बैचलर डिग्री** : फ्युचरोलॉजिस्ट बनने के लिए आपको पहले एक मजबूत शैक्षिक आधार की आवश्यकता होती है। समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, या दर्शनशास्त्र जैसे विषयों में बैचलर डिग्री आपके लिए उपयुक्त हो सकती है।
2. **मास्टर डिग्री** : फ्युचरोलॉजिस्ट बनने के लिए एक उन्नत डिग्री जैसे कि एम ऐ इन फ्यूचर स्टडीज या एम ऐ इन स्ट्रैटेजिक फोरसाइट विशेष रूप से उपयोगी हो सकती है। यह डिग्री आपको भविष्य के रुझानों, रणनीतियों, और भविष्यवाणियों के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करती है।
3. **डॉक्टरेट (पीचडी)**: यदि आप इस क्षेत्र में गहरी शोध करना चाहते हैं और एक विशेषज्ञ बनना चाहते हैं, तो आप पीचडी इन फ्यूचर स्टडीज कर सकते हैं। इससे आपको भविष्यवाणी के क्षेत्र में अत्यधिक विशेषज्ञता मिलती है और आप एक अकादमिक पेशेवर भी बन सकते हैं।

### यहां से लें शिक्षा

भारत में कई प्रमुख सरकारी और निजी संस्थान हैं जो भविष्यवाणी और फ्युचरोलॉजिस्ट के क्षेत्र में पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। निम्नलिखित संस्थान इस क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं।

#### सरकारी संस्थान

1. **जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**कोर्स नाम**: एम ए इन सोशल साइंसेज (फ्यूचर्स स्टडीज और डेवलपमेंट पर ध्यान केंद्रित)
2. **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास**
**कोर्स नाम**: एम टेक इन फ्यूचर टेक्नोलॉजीज और इनोवेशन
3. **बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी**
**कोर्स नाम**: एम ए इन समाजशास्त्र (सामाजिक पूर्वानुमान पर ध्यान केंद्रित)
4. **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, बैंगलोर**
**कोर्स नाम**: एमएससी इन फ्यूचर स्टडीज और स्ट्रैटेजिक फोरसाइट
5. **दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**कोर्स नाम**: एम ए इन डेवलपमेंट स्टडीज (फ्यूचर स्टडीज पर फोकस)

#### निजी संस्थान

1. **सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, पुणे**
**कोर्स नाम**: पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्ट्रैटेजिक फोरसाइट
2. **शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा**
**कोर्स नाम**: एम्ऐ इन फ्यूचर स्टडीज और स्ट्रैटेजिक फोरसाइट
3. **टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई**
**कोर्स नाम**: एम ए इन डेवलपमेंट स्टडीज (फ्यूचर प्लानिंग पर फोकस)
4. **मणिपाल विश्वविद्यालय, मणिपाल**
**कोर्स नाम**: एम ए इन फ्यूचर और स्ट्रैटेजिक स्टडीज
5. **एसपी जैन स्कूल ऑफ ग्लोबल मैनेजमेंट, मुंबई**
**कोर्स नाम** : एक्सीक्यूटिव प्रोग्राम इन स्ट्रैटेजिक फोरसाइट और इनोवेशन

*कौशल और योग्यता फ्युचरोलॉजिस्ट बनने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कौशल की आवश्यकता होती है।*

---

# छात्रों के लिए यह समय सुनहरा अवसर समस्याओं को हरा सपनों को करें साकार



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत आज विकास के नए आयाम छू रहा है, और इस विकास का मुख्य आधार नवाचार और स्टार्टअप हैं। छात्रों के लिए यह समय एक सुनहरा अवसर है कि वे अपने सपनों को साकार करें और देश की प्रगति में अपना योगदान दें। नवाचार सिर्फ एक शब्द नहीं है, बल्कि यह एक सोच है, एक दृष्टिकोण है जो हमें समस्याओं को अवसरों में बदलने के लिए प्रेरित करता है। नवाचार का मतलब यह नहीं है कि आप कुछ नया आविष्कार करें, बल्कि यह है कि आप मौजूदा चीजों को बेहतर तरीके से इस्तेमाल करें। भारत जैसे देश में, जहां समस्याओं की कोई कमी नहीं है, वहीं हर समस्या एक अवसर भी है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य का, या फिर कृषि का, हर जगह नवाचार के जरिए बदलाव लाया जा सकता है।

## देश की प्रगति में दें अपना योगदान

उदाहरण के तौर पर, भारत में किसानों को फसलों की सही कीमत न मिलने की समस्या थी। इस समस्या को हल करने के लिए डीहाट जैसे स्टार्टअप ने किसानों को सीधे खरीदारों से जोड़ने का प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया। यह नवाचार न केवल किसानों की आय बढ़ा रहा है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचा रहा है।

**स्टार्टअप का सफर** : भारत में स्टार्टअप का सफर आसान नहीं है, लेकिन नामुमकिन भी नहीं। सरकार की तरफ से ₹स्टार्टअप इंडिया₹ जैसे कार्यक्रमों ने युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की है। आज भारत में हजारों स्टार्टअप सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। छात्रों के लिए यह जरूरी है कि वे अपने अंदर के विचारों को पनपने दें। चाहे आप किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों, आपके पास कोई न कोई ऐसा विचार जरूर होगा जो दुनिया को बदल सकता है। स्टार्टअप का सफर मुश्किल जरूर है, लेकिन जब आप अपने सपनों के लिए मेहनत करते हैं, तो सफलता आपके कदम चूमती है।

### सफलता के कुछ मंत्र

**समस्याओं को अवसरों में बदलें**: हर समस्या एक अवसर है। उसे हल करने के लिए नए तरीके सोचें।

**टीम वर्क**: एक अच्छी टीम के बिना कोई भी स्टार्टअप सफल नहीं हो सकता। अपने साथ ऐसे लोगों को जोड़ें जो आपके विजन को समझते हों।

**लगन और धैर्य**: सफलता रातों-रात नहीं मिलती। असफलता से घबराएं नहीं, बल्कि उससे सीखें।

**शिक्षा और अनुभव**: शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी जरूरी है। इंटर्नशिप, वर्कशॉप और नेटवर्किंग के जरिए अपने कौशल को निखारें।

## अपने विचारों को मूर्त रूप दें

भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में है। नवाचार और स्टार्टअप के जरिए हम न केवल अपने सपनों को साकार कर सकते हैं, बल्कि देश को भी विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। छात्रों के लिए यह समय है कि वे अपने विचारों को मूर्त रूप दें और एक बेहतर कल के लिए काम करें। याद रखें, हर बड़ी सफलता की शुरुआत एक छोटे से विचार से होती है। आज ही अपने सपनों को पंख दें, और कल भारत को एक नई राह पर ले चलें। नवाचार वह कुंजी है जो भविष्य के दरवाजे खोलती है।

**बजट 2025: छात्रों और स्टार्टअप्स के लिए आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम** : भारत सरकार का बजट 2025 छात्रों, युवाओं और स्टार्टअप्स के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है। इस बजट में शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जो न केवल छात्रों के लिए बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में भी मददगार साबित होंगी। आइए जानते हैं कि यह बजट छात्रों और स्टार्टअप्स के लिए कैसे फायदेमंद होगा।

**शिक्षा और कौशल विकास पर जोर** : बजट 2025 में शिक्षा और कौशल विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सरकार ने डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त फंड आवंटित किए हैं। इससे छात्रों को नवीनतम तकनीक और ज्ञान तक पहुंचने में आसानी होगी।

**डिजिटल यूनिवर्सिटी**: सरकार ने एक डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा की है, जो देश भर के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगी।

**स्किल इंडिया मिशन**: कौशल विकास कार्यक्रमों को और मजबूत किया गया है, जिससे छात्रों को उद्योग-संबंधित कौशल सीखने का मौका मिलेगा। स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए बजट 2025 में कई प्रोत्साहन दिए गए हैं। सरकार ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए नई योजनाएं शुरू की हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - यू. एस. ए.
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### जिला बार एसोसिएशन के चुनाव 28 को

**सिरसा।** जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी को लेकर मतदान 28 फरवरी की सुबह 9 बजे से 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। जिला बार एसोसिएशन के प्रेस प्रवक्ता एडवोकेट मोहनलाल अरोड़ा ने बताया कि चुनावों के लिए रिटर्निंग अधिकारी के तौर पर एडवोकेट निहाल सिंह सहारण को नियुक्त किया गया।

### सीडीएलयू फैकल्टी ने किया विश्व पुस्तक मेले का दौरा

**सिरसा।** पुस्तकालय एवं व्यक्तिगत जीवन में पुस्तक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ये विचार सीडीएलयू की विवेकानंद लाइब्रेरी के नवनियुक्त लाइब्रेरियन प्रो. अशोक मक्कड़ ने कहे। प्रो. मक्कड़ ने बताया कि आज चौधरी देवीलाल विश्विद्यालय के सभी विभागों के प्रतिनिधियों के एक मंडल ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे विश्व पुस्तक मेले में शिरकत की।

### हैफेड से धोखाधड़ी मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** हैफेड के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रमोद कुमार पुत्र देशराज निवासी वार्ड नं. 7 रतिया के रूप में हुई है।

### किसानों ने किया नई कृषि व्यापार नीति का विरोध

**फतेहाबाद।** टोहाना में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा पक्का पक्का मोर्चा स्थल पर किसानों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष जोगिंद्र घासी राम नैन की मौजूदगी में किसानों ने केंद्र सरकार की नई कृषि व्यापार नीति का विरोध करने का निर्णय लिया गया।

### सतपाल बने अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के कानूनी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**फतेहाबाद।** अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा की अनुमति एवं संस्थापक कमल हांडा के दिशा निर्देशन में हरियाणा एवं चंडीगढ़ के कानूनी सलाहकार राजेंद्र कुकरेजा की अनुशंसा पर अधिवक्ता सतपाल सेठी को कानूनी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है।

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाजायज हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान मदन उर्फ मुकेश कुमार पुत्र सुखदेव निवासी भूथन खुर्द के रूप में हुई है।

### प्रशिक्षणार्थियों को नशा न करने की दिलाई शपथ

सिरसा। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को जिला स्तरीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज रेडक्रॉस भवन मे विभिन्न गांवों से प्रोफेशनल फस्र्ट-एड का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया।

### बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित करने का विरोध

**सिरसा।** सशक्त भीम समाज टीम ने बीती 26 जनवरी को अमृतसर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अपमान के विरोध में उपायुक्त सिरसा के माध्यम से प्रधानमंत्री, भारत सरकार को ज्ञापन सौंपा।

### युवती के भाई का दोस्त बनकर, 51 हजार ठगे

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने भट्टू क्षेत्र की एक युवती से हजारों रुपये हड़प लिए। ठगों ने युवती से उसके भाई का दोस्त बनकर बात की और 51 हजार रुपये ठग लिए। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज किया है।

## सैंकड़ों विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए मॉडल

# राजकीय विद्यालयों की खंड स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी आयोजित

- बीईओ महेंद्र सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों को बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** खंड स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी में भाग लेते सभी राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के दिशा निर्देश अनुसार खंड फतेहाबाद के सभी राजकीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 12वीं में पढने वाले विद्यार्थियों के लिए खंड स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। प्रदर्शनी एनसीईआरटी द्वारा प्रदान की गई राज्य राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के द्वारा निर्धारित विषयों भोजन, स्वास्थ्य और स्वच्छता, परिवहन और संचार, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, गणितीय मॉडलिंग और कम्प्यूटेशनल सोच, अपशिष्ट प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन पर मॉडल प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा विज्ञान नाटक/रोल प्ले, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएं उपरोक्त सभी उप विषयों पर आयोजित की गई।

मॉडल बनाने की श्रेणी में भोजन स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय में प्रथम स्थान गौतम व द्वितीय स्थान याशिका, परिवहन और संचार विषय में प्रथम स्थान सत्यजीत व हरिंदर ने द्वितीय स्थान, प्राकृतिक खेती में अंजलि ने प्रथम स्थान व आशीष ने द्वितीय स्थान, आपदा प्रबंधन विषय में दुष्यंत ने प्रथम व बिट्टू ने द्वितीय स्थान, गणितीय मॉडलिंग और कंप्यूटेशनल सोच विषय में पारुल ने प्रथम स्थान व शिवानी ने द्वितीय स्थान, अपशिष्ट प्रबंधन विषय में रजनी ने प्रथम स्थान व लवप्रीत ने द्वितीय स्थान तथा संसाधन प्रबंधन विषय में विनय ने प्रथम स्थान व वंश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार से विज्ञान नाटक रोल प्ले में भोजन स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खारा खेड़ी ने प्रथम स्थान, परिवहन और संचार विषय में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल फतेहाबाद ने प्रथम स्थान, कुदरती खेती विषय में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय धांगड ने प्रथम स्थान, आपदा प्रबंधन विषय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिजरावां खुर्द ने प्रथम स्थान, गणितीय मॉडलिंग और कंप्यूटेशनल सोच विषय में प्रथम स्थान और द्वितीय स्थान राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बीघड़, अपशिष्ट प्रबंधन में प्रथम और द्वितीय स्थान राजकीय कन्या उच्च विद्यालय धांगड, संसाधन प्रबंधन विषय में प्रथम स्थान राजकीय विद्यालय अली नूरकी माजरा ने पाया।

### पोस्टर मेंकिंग में सारिका प्रथम

इसी तरह सात उप विषयों में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की भोजन, स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय में सारिका ने प्रथम व किरण ने द्वितीय स्थान, परिवहन और संचार विषय में कोमल ने प्रथम स्थान व सिंपल ने द्वितीय स्थान, प्राकृतिक खेती विषय में साक्षी ने प्रथम व कशिश ने द्वितीय स्थान, आपदा प्रबंधन विषय में नवदीप कौर ने प्रथम स्थान व कुसुम ने द्वितीय स्थान, गणितीय मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल सोच विषय में मीणा ने प्रथम व निशा ने द्वितीय स्थान, अपशिष्ट प्रबंधन विषय में सारिका ने प्रथम स्थान व वंशिका ने द्वितीय स्थान तथा संसाधन प्रबंधन विषय में मोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### बिजली विभाग की लापरवाही, 25 हजार मुआवजे के आदेश

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के टोहाना में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ग्रामीण की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने बिजली विभाग ग्रामीण को कड़ी फटकार लगाते हुए उपभोक्ता के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। गांव जमालपुर शेखा की निवासी प्रमिला ने बताया कि उन्होंने अपने खेत के बिजली कनेक्शन का लोड 14.92 किलोवाट से बढ़ाकर 20 किलोवाट करवाने के लिए आवेदन किया था। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भी बिजली निगम ने लोड नहीं बढ़ाया। इस पर पीड़िता ने अपने वकील राजीव गांधी के माध्यम से उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज करवाई।

### तकशील यादव का फिजिक्स एवं एस्ट्रोनॉमी ओलंपियाड में चयन

**फतेहाबाद।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खारा खेड़ी के कक्षा बारहवीं विज्ञान के छात्र मास्टर तकशील यादव ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन फिजिक्स और नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन एस्ट्रोनॉमी दोनों परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन फिजिक्स की परीक्षा 23 नवंबर तथा नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन एस्ट्रोनॉमी की परीक्षा 24 नवंबर 2024 को आयोजित की थी जिसमें लगभग 1500 केंद्रों पर दो लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

## कमल के निशान पर भाजपा लड़ेगी चुनाव: कंबोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** नगर परिषद चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते भाजपा जिलाध्यक्ष शीशपाल कंबोज। फोटो: हरिभूमि

स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर भाजपा कोर कमेटी की बैठक एफ ब्लॉक स्थित कार्यालय में हुई जिसमें वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति की गई। जिलाध्यक्ष शीशपाल कंबोज ने कहा कि भाजपा निकाय चुनाव कमल के निशान पर लड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं को समर्पित पार्टी है। लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी के एक एक कार्यकर्ता ने पूरी समर्पण के साथ जीत दर्ज करवाई थी। उसी तरह इस बार भी निकाय चुनाव की जीत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की झोली में डाली जाएगी। कोर कमेटी ने इस बैठक में चर्चा की है कि पार्टी पूरी तरह से कमल के निशान पर चुनाव लडऩे में सक्षम है। भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली से हर वर्ग हर व्यक्ति खुश है इसलिए निकाय चुनाव में भाजपा को बैसाखियों की जरूरत नहीं है। पार्टी का एक एक कार्यकर्ता जी-जान से निकाय चुनाव में फतेह हासिल करवाने में अहम भूमिका अदा करेगा। इस बैठक में वार्ड प्रभारियों की भी नियुक्तियां की गई। जिला प्रभारी वेद फूलां ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव में बीजेपी को जीत दिलाने के लिए जी-जान से जुटे। इस चुनाव में शहरी सरकार चुनी जाएगी और लोग भी चाहते है कि इस चुनाव में बीजेपी को जिताए।

## बजट पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने बजट पर वाद विवाद प्रतियोगिता करवाई जिसका शुभारंभ प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने किया। डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि यदि हम स्वतंत्र रूप से किसी भी मुद्दे पर विचार विमर्श, अध्ययन व मंथन नही करेगें तो नवीन विचार कैसे जन्म लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे पर सार्थक व सकारात्मक चर्चा करने से सहभागिता तो बढ़ती है तथा नये विचारों का मार्ग प्रशस्त होता है। बजट पर वाद विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों नें बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने बजट के सकारात्मक व नकारात्मक दोनों पक्षों पर चर्चा की गई। इस प्रतियोगिता में तीन टीमों ने भाग लिया जिसमें से अर्थशास्त्र एमए प्रथम वर्ष के टीम ए के विद्यार्थियों प्रवेश व पूजा ने प्रथम स्थान पाया जबकि टीम बी के दूसरे वर्ष के मेधा व हिमांशिका ने दूसरा स्थान टीम सी के बीए तीसरे वर्ष के सोनाली व स्नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### राजकीय विद्यालय में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**सिरसा।** प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाडिय़ों को मेडल देकर सम्मानित करते हुए प्राचार्य व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

**ओढां।** पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओढ़ा में पीएम श्री स्कूलों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता विद्यालय हुई, जिसमें जिला के सभी 14 पीएम श्री विद्यालयों के 358 खिलाड्य़िों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को खेलों में बढ़ चढक़र भाग लेने का आह्वान किया व पीएम श्री विद्यालय ओढ़ा की कक्षा 11वीं की छात्रा इमरती की विशेष उपलब्धि पर उसकी सराहना की। क्योंकि छात्रा ने तमिलनाडु में संपन्न राष्ट्रीय अंडर-19 हैंडबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य का नेतृत्व किया था। अब इस छात्रा को छत्तीसगढ़ में स्थापित राष्ट्रीय खेल अकादमी में प्रशिक्षण के लिए चुन लिया गया है।

### अवैध हथियार सप्लायरों की धरपकड़ दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस ने नाजायज हथियारों सहित पकड़े गए दो युवकों से पूछताछ के आधार पर उन्हें हथियार सप्लाई करने के आरोपी दो युवकों को काबू कर लिया है। भूना पुलिस द्वारा पकड़े गए युवक की पहचान भरपूर सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र गुरमेल सिंह निवासी ठरवी के रूप में हुई है। इस बारे पुलिस ने 3 फरवरी को शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान भूना से नाढोडी रोड पर टी प्वाइंट के पास से सोनू कुमार पुत्र पृवी सिंह निवासी नाढोडी नामक युवक को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक नाजायज पिस्तौल 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया था।

### डीएमसी ने सुनी जनसमस्याएं जल्द समाधान के दिए निर्देश



**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के सभागार में नागरिकों की शिकायतें सुनते डीएमसी संजय बिश्नोई।

फोटो कैपशन 7एफटीडी9 - फतेहाबाद। कंप्यूटरकृत लेखांकन प्रशिक्षण कोर्स के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अधिकारी।

**फतेहाबाद।** शुक्रवार को डीएमसी संजय बिश्नोई ने अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुना। शुक्रवार को समाधान शिविर में कुल 2 शिकायतें आई जिनके त्वरित निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। डीएमसी संजय बिश्नोई ने लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनते हुए सबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए।

## बीएड कॉलेज में 'शिक्षण अभिरुचि' पर कार्यशाला

# प्रभावी शिक्षक बनने के सिखाए गुर

- कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** बीएड कॉलेज में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 28 जनवरी से 8 फरवरी तक चल रहे सूक्ष्म शिक्षण कार्यक्रम में आज 'शिक्षण अभिरुचि परीक्षण' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कॉलेज की अकैडमिक कमेटी और मनोविज्ञान क्लब के द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें बी.एड., बी.ए.बी.एड. और डी.एल.एड. के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यशाला का उद्देश्य भावी शिक्षकों को शिक्षण अभिरुचि के महत्व से अवगत कराना और उन्हें प्रभावी शिक्षण तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। एसबीपी डीएवी सेंटेनरी स्कूल, फतेहाबाद से व्याख्याता प्रेरणा ने विद्यार्थियों को शिक्षण को एक कला बताते हुए प्रभावी शिक्षक बनने के गुर सिखाए। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न शिक्षण रणनीतियों और तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। श्रीमती प्रेरणा ने शिक्षण अभिरुचि के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को एक सफल शिक्षक बनने के लिए आवश्यक गुणों के बारे में भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बातचीत की और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यशाला में विद्यार्थियों के लिए एक शिक्षण अभिरुचि परीक्षण का भी आयोजन किया गया, जिससे उन्हें अपनी शिक्षण क्षमताओं का मूल्यांकन करने में मदद मिली।

### अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में संजू ने जीता स्वर्ण

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विधि विभाग की बीएएलएलबी पंचवर्षीय कोर्स के द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं सुखविंदर व संजू ने गत 1-2 फरवरी 2025 को अमृतसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता 2025 में क्रमशः संजू ने टीम काता में स्वर्ण पदक व काता में रजत पदक व सुखविंदर ने कूमीते फाइट में स्वर्ण पदक, टीम काता में स्वर्ण पदक व काता में कांस्य पदक अर्जित कर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विभागाध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार गर्ग ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## न्यूज डायरी

### धूमधाम से मनाया बाबा रामदेव का स्थापना महोत्सव



**सिरसा।** कागदाना मंदिर में बाबा रामदेव के दर्शन करते श्रद्धालु।

**चोपटा।** प्राचीन मंदिर श्री बाबा रामदेव कागदाना धाम में शुक्रवार को 215वां स्थापना महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के संस्थापक लाला रतिराम मुरलीधर भोलुसरिया परिवार ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया। इस पावन अवसर पर सर्वप्रथम बाबा को पंचामृत से स्नान करवाया गया। श्रृंगार आरती के बाद विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया। श्रद्धालुओं ने भी बाबा को अपनी मन्नतें पूरी होने पर सवामणि लगाई। कामडियों द्वारा अपनी मधुर वाणी से बाबाकी महिमा का गुणगान किया गया। गांव कागदाना के युवाओं और महिलाओं ने मंदिर परिसर में व्यवस्था बनाने में भरपूर सहयोग किया।

### सूर्य नमस्कार से होगी आरोग्य की क्रांति : अनिल



**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार व हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे हर घर हर परिवार सूर्य नमस्कार महा अभियान के तहत गांव सरवरपुर व दरियापुर की आंगनबाड़ी सैंटरों पर ग्रामीणों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। इन शिविरों में ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। आयुष योग सहायक अनिल कुमार ने सरवरपुर में जबकि आयुष योग सहायक मनोज कुमार ने दरियापुर में सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया। आयुष योग सहायक अनिल कुमार ने बताया कि यह अभियान 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती से प्रारंभ होकर के 12 फरवरी महर्षि दयानंद जयंती तक चलाया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अजीत कुमार के आदेश अनुसार कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर अंबिका पांटा के निर्देशानुसार गांव-गांव में ग्रामीणों को सूर्य नमस्कर का अभ्यास करवाया जा रहा है।

### नपा जाखल के चुनाव : इच्छुक उम्मीदवारों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपे आवेदन



**फतेहाबाद।** जाखल नपा चुनाव लडऩे के इच्छुक उम्मीदवार भाजपा जिलाध्यक्ष को आवेदन सौंपते हुए।

**फतेहाबाद।** नगर पालिका जाखल के चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आज बीजेपी जिला कार्यालय में भाजपा के समर्थन से जाखल नगर पालिका के अध्यक्ष पद का चुनाव लडऩे के इच्छुक उम्मीदवार सुरेन्द्र मित्तल ने जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा को अपना आवेदन सौंपा। इसके अलावा पार्षद के लिए चुनाव लडऩे के इच्छुक उम्मीदवारों के भी आवेदन जिलाध्यक्ष को सौंपे गए। बलदेव सिंह ग्रोहा ने कहा कि यहां प्राप्त होने वाले आवेदनों को हाई कमान के पास भेजा जाएगा। हाई कमान द्वारा ही उम्मीदवार का चयन किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत



**ओढां।** नेशनल हाईवे पर ओढ़ां माइनर के पास एक सड़क दुर्घटना में 56 वर्षीय ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार की दोपहर को सिरसा की ओर से आ रही ट्रैक्टर ट्राली में एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें ट्रैक्टर चालक 56 वर्षीय बिकर सिंह निवासी ओढ़ां की मौके पर मृत्यु हो गई। परिजनों के अनुसार बिकर सिंह पशु चारा तूड़ी बेचकर भोला सिंह के साथ सिरसा से ओढ़ा वापस आ रहा था। बिकर सिंह ट्रैक्टर चला रहा था जबकि भोला सिंह ट्राली में बैठा था तभी ओढ़ां माइनर के पास सिरसा से ही आ रहे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्राली की हुक निकल जाने पर ट्रैक्टर पलट गया और चालक बिकर सिंह की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ट्राली में बैठे भोला सिंह को मामूली चोटे लगी। सूचना मिलने पर ओढ़ा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक बिकर सिंह व घायल ट्रक चालक को अस्पताल में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि ट्रक ड्राइवर नशे में था।

### नशा बेचने वालों के घरों पर छापेमारी



**सिरसा।** घरों में छानबीन करती पुलिस टीम।

**डबवाली।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की अगुवाई में डबवाली पुलिस की टीमें और डॉग स्क्वॉड के साथ लगातार नशा तस्करी करने वालों के घरों पर छापेमारी कर रही हैं। इसी दौरान पुलिस द्वारा बनवाला गांव में अवैध रूप से नशा बेचने वालों के मकानों की चेकिंग की गई। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि बनवाला गांव में कई जगहों पर अवैध रूप से नशा बेचने वालों पर कार्रवाई की गई और उनके घरों की तलाशी ली गई। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में गांव व आसपास के क्षेत्र में कहीं पर भी नशा बेचने नहीं दिया जाएगा। जो भी इस प्रकार के कार्य करेगा, उन्हें सलाखों के पीछे डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई कहीं अवैध रूप से नशा बेचता है तो उसके लिए कोई भी व्यक्ति गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को इसकी सूचना दे सकता है और उसका नाम भी गुप्त रखा जाएगा।

### सफलता के लिए दृढ़ संकल्प जरूरी: गुरदीप



**सिरसा।** गांव मंगाला में स्टेशनरी वितरण करते हुए ट्रस्ट के सदस्य।

**सिरसा।** बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगाला में स्टेशनरी वितरण समारोह आयोजित किया गया। ट्रस्ट के सचिव प्रेम कंदोई ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ट्रस्ट के प्रधान गुरदीप सैनी ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता प्रवक्ता राजेश मल्होत्रा ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सत्यवान गौतम ने शिरकत की। मुख्यातिथि गुरदीप सैनी ने कहा कि विद्यार्थी पूरी मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई करें और कामयाब होकर अपना व अभिभावकों का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए इरादा मजबूत होना चाहिए। अगर आप किसी भी सफलता को पाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम करते हैं तो उसमें निश्चित ही सफलता मिलेगी।

### आईटीआई कॉलेज में एबीवीपी इकाई का गठन



**सिरसा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आईटीआई कॉलेज में इकाई का गठन किया गया। नगर मंत्री युवराज चावला ने बताया कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है तथा ज्ञान शील एकता के मूल मंत्र के साथ छात्र हित एवं राष्ट्र पुनर्निर्माण में 1948-49 से अनवरत धरातल पर संघर्षरत रहने वाला, सुसंस्कृत, राष्ट्र प्रेमी, भावी नेतृत्वकर्ता तैयार करने वाला एक अनूठा संगठन है।

## खबर संक्षेप



### राड़ा की भाभी के निधन पर जताया शोक

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामनिवास राड़ा की भाभी मीना देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने अनेक राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाई बुधराम राड़ा के आवास पर पहुंचे। शोक जताने वालों में पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, प्रो. सम्पत सिंह, कुमारी सैलजा के भाई जगन्नाथ, धर्मवीर गोयत, भूपेंद्र गंगवा, अश्वनी शर्मा, प्रदेश महासचिव मोहित, होशियारी लाल शर्मा, ललित बंसल, कृष्ण ऐरन, प्रदीप कोहली, आर्य समाज के प्रधान देवेंद्र सैनी, सुशील शर्मा, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल मानी, सुरेन्द्र बागड़ी, कृष्ण सैनी, प्रधान शिव सैनी शामिल रहे।

### पुलिस ने उद्घघोषित आरोपी किया गिरफ्तार

**हांसी।** पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने एक उद्घघोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव सोरखी व हाल राम सिंह कॉलोनी निवासी नरेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत द्वारा शहर थाना में दर्ज चोरी का सामान खरीदने के एक मामले में उद्घघोषित आरोपीकरार दिया हुआ था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** पीओ स्टाफ पुलिस ने एक उद्घघोषित आरोपी सिसाय बोलान निवासी नरेश को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी को अदालत द्वारा चेक बाउंस के मामले में उद्घघोषित अपराधी करार दिया हुआ था।

### हत्या प्रयास मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए पुलिस टीम ने लुदास निवासी रवि पर जानलेवा हमला कर गोली मारने के तीसरे आरोपी हनुमानगढ़ राजस्थान निवासी मुकेश उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया गया है।
एएसआई प्रवीण ने बताया कि आरोपी मुकेश उर्फ मोनू , लुदास निवासी रवि पर जानलेवा हमला कर गोली मारने के मामले में शामिल था। लुदास निवासी विशाल उर्फ शूटर और सोनू उर्फ बागड़ी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त 2 अवैध पिस्तौल और 7 कारतूस बरामद किए जा चुके हैं।

### पंचायती गुरुद्वारा में श्री अखंडपाठ साहिब प्रारंभ

**हिसार।** पटेल नगर आठ मरला कॉलोनी में स्थित बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा साहिब में प्रबंधक कमेटी 9 फरवरी को दशम पातशाही गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाश गुरुपर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाएगी। प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमिंदर सिंह सूबेदार व महासचिव भूपेंद्र पाहवा ने विस्तार से बताते हुए कहा कि शुक्रवार को गुरुद्वारा साहिब में गुरूघर से जुड़ी साध संगतों के बीच सरबत की भलाई के लिए अरदास करके बड़े हर्षोल्लास के साथ श्री अखंडपाठ साहिब प्रारंभ किया गया। इस मौके पर गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा।

## ओएसजीयू में इंटर यूनिवर्सिटी नोर्थ वेस्ट जोन यूथ फेस्टिवल आज से

# पांच दिन अलग-अलग विवि के विद्यार्थी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विवि एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित होने वाले 38वें इंटर यूनिवर्सिटी नोर्थ वेस्ट जोन यूथ फेस्टिवल विरसा गूंज का 8 फरवरी को शुभारंभ होगा है। महोत्सव के लिए ओएसजीयू को भव्य तरीके से सजाया गया है, जिसकी सुदंरता देखती ही बनती है। महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रतिभागियां को आगमन शुरूवार से ही शुरू हो चुका है। पांच दिवसीय भव्य आयोजन में तीन राज्यों राज्यस्थान, हरियाणा एवं दिल्ली के युवा कलाकारों और प्रतिभागियों विविध विधाओं में अपना कौशल प्रदर्शित करेंगे।

विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने कहा कि जिस घड़ी का बेसब्री से इंतजार हो रहा था उसका भव्य शुभारंभ शनिवार को हो रहा है। इस भव्य महोत्सव में प्रतिदिन समाजसेवी, साहित्यकार व अन्य राजनीतिक लोग मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

कुलपति डॉ. एनपी कौशिक ने बताया कि पांच दिवसीय भव्य महोत्सव का शुभारंभ शोभा यात्रा एवं उद्घाटन समारोह के साथ होगा। प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणवी, राजस्थानी, पंजाबी एवं वेस्टर्न कल्चर के साथ-साथ क्विज प्रतियोगिता, वाद-विवाद, क्ले मॉडलिंग, रंगोली, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग या पेंटिंग से संबंधित प्रतियोगिता का अद्भूत प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

आयोजन सचिव डॉ. राकेश धीमान ने बताया कि काफी समय से इस महोत्सव में आने वाले सभी विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों के आवास व भोजन को लेकर सभी व्यवस्था पूर्ण हो चुकी है। महोत्सव का शुभारंभ मैनेजर्स मीट के साथ होगा जिसमे सभी विश्वविद्यालयो के मैनेजर्स कार्यक्रम को सुचारू रूप से आयोजित करने के प्रतियोगितायो को लेकर समय सारिणी सुनिश्चित और दिशानिर्देश पर चर्चा करेंगे।



**हिसार।** इंटर यूनिवर्सिटी नोर्थ वेस्ट जोन यूथ फेस्टिवल के लिए तैयार मंच।


**हांसी।** विदाई समारोह में स्कूल प्राचार्या के साथ गरिमा और प्रिंस।

### सनातन धर्म कन्या स्कूल में गुड-लक पार्टी




**हांसी।** श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को 11वीं कक्षा की छात्राओं ने 12वीं कक्षा की छात्राओं का विदाई समारोह के तहत गुड लक पार्टी का आयोजन किया। प्राचार्या रेणु बंसल ने शुभारंभ किया। 11वीं कक्षा की छात्राओं ने 12वीं कक्षा की छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा उन्हें टाइटल के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान कर विदाई दी। बच्चों ने लघु नृत्य नाटिका, समूह-नृत्य, एकल नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। अलग-अलग राउंड की प्रतियोगिताओं के माध्यम से मिस एसडी कन्या सारिका (साइंस), मिस इंटेलेक्चुअल खुशी (आर्ट) व ईव-ज्योति (आर्ट्स) चयनित की गई। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक सज्जन कुमार अग्रवाल, प्रबंधक समिति के सदस्य चंद्रभान गर्ग, नकुल कुमार अग्रवाल व रजत कुमार अग्रवाल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गरिमा मिस फेयरवेल व प्रिंस बने मिस्टर फेयरवेल

**हांसी।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी शताब्दी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 9वीं के छात्रों ने अपने सीनियर्स को यादगार विदाई दी। बच्चों ने फैशन शो व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्या शैलजा राणा ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी ने यहां बिताए हुए सालों में बहुत कुछ सीखा है। आपने यहां ना केवल ज्ञान अर्जित किया है बल्कि जीवन के कई महत्वपूर्ण सबक भी सीखे है। छात्रा गरिमा को मिस फेयरवेल, प्रिंस को मिस्टर फेयरवेल व टीना को मिस रनरअप चुना गया। बच्चों ने विद्यालय में बिताई यादों को याद करते हुए कहां कि आज हम यहां से जा रहे हैं लेकिन हमारी व स्कूल की यादें बनी रहेंगी।

### छात्रों ने लिया टैलेंट एक्स प्रतियोगिता में हिस्सा



**हांसी।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी शताब्दी पब्लिक स्कूल के कक्षा छठी से लेकर दसवीं तक के छात्रों ने टैलेंट एक्स द्वारा जिला स्तर पर आयोजित साइंस परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा में उत्तीर्ण कक्षा छठी से यश, कनन, तनवी कक्षा सातवीं से कुणाल, हर्ष, कक्षा आठवीं से महक कक्षा 9वीं से पारुल, वैष्णवी, मिनाक्षी, शगुन व कक्षा दसवीं से वंशिका, दिव्या, टीना, खुशी कंबोज, खुशी सरोहा व तमन्ना को प्रधानाचार्या शैलजा राणा सम्मानित किया।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन




**हांसी।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्रागंण में शुक्रवार को बच्चों में प्रतियोगिता की भावना का उजागर करने हेतु कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों से सभी विषयों से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया और कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने व उनके सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर होना आवश्यक है। ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने प्रतियोगिता परीक्षा को बढ़ावा देते हुए परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले बच्चों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।



## हिंदी प्रतियोगिता: सैंट ज्ञानेश्वर स्कूल के 6 छात्र मेरिट में शामिल

**हांसी।** प्रदेश स्तरीय हिन्दी व्याकरण की प्रतियोगिता सैंट ज्ञानेश्वर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। छात्र गौरव, पूवीर, किरण, कार्तिक, नमन तथा कृष ने मैरिट सूची में स्थान बनाया। प्राचार्य सतीश वर्मा ने बताया कि परीक्षा में मेरिट सूची में शामिल छात्रों को जल्द ही राष्ट्रीय शिक्षा समिति के द्वारा प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष स्कूल के विद्यार्थियों ने अनेकों सांस्कृतिक व खेल प्रतियोगिताएं जीती हैं। रीक्षा में मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थियों का शुक्रवार को स्कूल में पहुंचने पर स्वागत किया गया।

### महिला कॉलेज में एडवांस एक्सेल पर कार्यशाला

**हिसार।** महिला कॉलेज में प्लेसमेंट सेल और कंप्यूटर विज्ञान विभाग के द्वारा दो दिवसीय एडवांस एक्सेल कार्यशाला हुई। जिसमें रिंकी ने छात्रों को एडवांस एक्सेल सॉफ्टवेयर की प्रैक्टिकल जानकारी दी गई। रिटायर्ड प्राचार्य डॉ आशा सहारन व प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा, प्रो. सतीश सिंगला, अमित बंसल, शाइना, डॉ. राकेश, ममता, शालू मोहन और गगन बंसल मौजूद रहे।

## बीमा करियर के बारे में दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा शुक्रवार को रोजगार मेला लगाया गया। इस दौरान युवाओं को बीमा क्षेत्र से संबंधित जानकारियां दी गई। सहायक रोजगार अधिकारी सुनील कुमारी ने बताया कि रोजगार कार्यालय की तरफ से समय-समय पर युवाओं को रोजगार के महत्व समझाने तथा उनके करियर से जुड़ी शंकाओं को दूर करने के लिए मेलों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज लगाए गए मेले में युवाओं को बीमा क्षेत्र की बारीकियों के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि इस बीच यह भी बताया गया कि युवा वर्ग कौन कौन से कार्य कर सकता है तथा किस प्रकार बीमा क्षेत्र में अपने करियर को बना सकता है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस ब्रांच के हेड अंकित कुमार व रणबीर ठाकुर ने युवाओं को इस संबंध में जानकारी दी तथा युवाओं को मोटिवेट किया। सहायक रोजगार अधिकारी सुनील कुमारी, प्रशांत, ध्यान व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।


**हिसार।** रोजगार मेले में युवाओं को करियर संबंधित टिप्स देते पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस ब्रांच के अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### अंतरराष्ट्रीय टीम ने किनाला स्कूल का किया अवलोकन

**उकलाना।** अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक टीम ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल किनाला का भ्रमण कर यहां अपनाई जा रही शैक्षणिक गतिविधियों व प्रबंधन का अवलोकन किया। स्कूल के शैक्षणिक स्तर, पुस्तकालय के प्रयोग, स्कूल परिसर देखकर अभिभूत हुए। प्रतिनिधिमंडल में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा संस्था व्हाट वर्क्स हब फॉर ग्लोबल एजुकेशन की तरफ से साउथ अफ्रीका की हीथर कायटन एवं मलेशिया से यू यी हुवा, दिल्ली से लैंग्वेज एवं लर्निंग फाउंडेशन की तरफ से नेहा कनोजिया, जिला एफएलएन को आर्डिनेटर मनोज गर्ग मौजूद रहे।

## डीएन कॉलेज में फ्री मेडिकल कैंप

- एनएसएस स्वयंसेवकों और कालेज छात्रों ने करवाई अपने स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दयानंद कॉलेज के हंसराज हाल में एक दिवसीय फ्री मेडिकल हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। इसमें टाटा 1एमजी लैब के मालिक डॉ. परमवीर और स्टाफ ने स्वयंसेवकों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। कैंप का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने शुक्रवार को किया। इसमें एनएसएस के बहुत से स्वयंसेवकों और कालेज प्रोफेसर्स के साथ-साथ विद्यार्थियों ने भी अपना मेडिकल हेल्थ चैकअप करवाया। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि यह कैंप स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करने और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डॉ. छवि मंगला, डॉ. इंद्रजीत सिंह, चेतन शर्मा ने भी स्वयंसेवकों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया।


**हिसार।** मेडिकल कैंप में उपस्थित विद्यार्थी व कॉलेज के अधिकारी।



## विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन तरीकों की दी जानकारी

**हिसार।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह, परामर्श एवं कल्याण केन्द्र के तत्वावधान में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कैंपस स्कूल में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय विकर्षणों को कम करके एकाग्रता की संभावना बढ़ाने व परीक्षा तनाव प्रबंधन युक्तियां था। मुख्यवक्ता मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य परियोजना नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने संबोधित करते हुए कहा कि डिस्ट्रक्शन मतलब ध्यान भटकना विकर्षण पैदा होना। किशोरावस्था के दौरान शारीरिक, भावनात्मक व मानसिक विकास होता है, हार्मोनल बदलाव की वजह से मन भटकता है। समय रहते किशोर युवाओं को आवश्यकता है एक प्रेरणादायी, सुखद, बातचीत करने वाले सहयोगात्मक माहौल की, ताकि व्यवधान या विकर्षण कम हो सके। अगर ऐसा संभव होगा तो एकाग्रता बढ़ेगी, तभी तो जीवन के लक्ष्य पर फोकस किया जा सकेगा।

## एचएयू- हैदराबाद की कंपनी में समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उन्नत किस्में न केवल हरियाणा बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी अपना परचम लहरा रही हैं। विश्वविद्यालय ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत तकनीकी व्यवसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए हैदराबाद की बीज कंपनी महाकालेश्वर एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने शुक्रवार को बताया कि हकृवि द्वारा लगातार विभिन्न फसलों की उन्नत किस्में विकसित की जा रही हैं ताकि किसान कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त कर सकें। विश्वविद्यालय द्वारा गत चार वर्षो के दौरान विभिन्न फसलों की 50 किस्में ईजाद की गई हैं। उपरोक्त समझौते के तहत विश्वविद्यालय द्वारा विकसित बाजरे की एचएचबी-67 संशोधित 2 किस्म का बीज तैयार कर कंपनी किसानों तक पहुंचाएगी ताकि इस किस्म का विश्वसनीय बीज उन्हें मिल सके और उनकी पैदावार में इजाफा हो सके। हकृवि का महाकालेश्वर एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद के साथ समझौता हुआ है। कुलपति की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने जबकि कंपनी की तरफ से निदेशक संजीव रेड्डी ने हस्ताक्षर किए। बाजरा अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि एचएचबी-67 संशोधित-2 किस्म पहले वाली किस्म एचएचबी 67 संशोधित का जोगिया रोग प्रतिरोधी उन्नत रूपांतरण है।


**हिसार।** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ कंपनी के अधिकारी व विश्वविद्यालय के अधिकारीगण। *फोटो: हरिभूमि*

### एसपी ने एसआई को स्टार लगा किया निरीक्षक पद पर पदोन्नत



**हांसी।** पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने शुक्रवार को पदोन्नत हुए उप निरीक्षक के कंधे पर स्टार लगा कर निरीक्षक पर पदोन्नत कर उसको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने हांसी पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक बलबीर सिंह का निरीक्षक के पद पर प्रमोशन कर उसे बधाई दी।

स्थापित - 1936 सर्वेसन्तु निरामया:
डॉ. बनारसी दास शर्मा हस्पताल
मोहल्ला सैनियान, हिसार
मो. 98960-04939
डॉ. साकेत शर्मा, आयुर्वेदाचार्य
3 पीढ़ीयों से आपकी सेवा में
आयुर्वेद चिकित्सा-श्रेष्ठ चिकित्सा
चर्म रोग
सोरायसिस, एग्जीमा, सफेद दाग
Fungal, Acne, बालों का झड़ना, Alcpocia, Urticaria आदि सभी प्रकार के चर्म रोगों के विशुद्ध आयुर्वेदिक उपचार के लिए सम्पर्क करें।

## स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम स्थापित करने की जरूरत

# स्वास्थ्य सेवाएं नागरिक की जरूरत नहीं, अधिकार भी

- हर जरूरतमंद व्यक्ति के पास स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच होना अत्यंत आवश्यक : डॉ. बजाज
- गुजवि में 'विकसित भारत-2047 के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन में परिवर्तन: हितधारक सम्मेलन' शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाएं देश के हर नागरिक की केवल जरूरत नहीं, बल्कि मूलभूत अधिकार हैं। भारत की स्वास्थ्य सेवाओं तथा इको सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, योजनाकारों, उद्यमियों तथा शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर गंभीरता से प्रयास करने होंगे। स्वस्थ भारत के सपने के साथ ही 2047 तक हम विकसित भारत के सपने को साकार कर पाएंगे।


**हिसार।** सम्मेलन का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति पर चर्चा

भविष्य की राह' विषय पर पैनल चर्चा में डॉ. अजय महाजन, डॉ. अल्का छाबड़ा, डॉ. उमेश कालरा, डॉ. जसजीत सिंह, डॉ. धीरज के. मेहता और डॉ. सुनील शर्मा ने भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों पर विचार किया। जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए नीति, शिक्षा और सरकारी समर्थन के साथ-साथ निजी क्षेत्र के योगदान की आवश्यकता पर जोर दिया। एचएसबी के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, डीन प्रो. कर्मपाल नरवाल, संयोजक डॉ. वंदना सिंह, डॉ. अंजलि गुप्ता उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक प्रक्रियाओं में भी सुधार की आवश्यकता

हिसार की सीएमओ डॉ. सपना गहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हमें चिकित्सा के साथ-साथ प्रशासनिक प्रक्रियाओं में भी सुधार लाने की आवश्यकता है। सर्जन डॉ. बीबी बांगा ने प्राथमिक उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। कुरुक्षेत्र से डॉ. गुंतास गिल ने 'रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं का परिवर्तन' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। हिसा से डॉ. मनीषा मेहता ने 'विकसित भारत 2047 के लिए सतत स्वास्थ्य सेवा पहल' विषय पर नए दृष्टिकोणों की चर्चा की।



## आवासीय-भाषा प्रबोधन वर्ग का आयोजन

**हिसार।** संस्कृत भारती, हरियाणा (न्यास) द्धवारा गुरुकुल आर्यनगर संस्कृत विद्यापीठ में 15 दिवसीय आवासीय-भाषा प्रबोधन वर्ग का आयोजन किया गया। इसमें छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय की छात्रा सोमा ने सहशिक्षिका की भूमिका निभाई व पूनम ने शिक्षार्थी के रूप में भाग लिया। प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों के संस्कृत संभाषण कौशल को विकसित करना था ताकि विद्यार्थी भविष्य में संस्कृत शिक्षण के अच्छे अध्यापक बन सके।